आज का सुविचार

संघर्ष ही जीवन का सार है, जो संघर्ष करता है वही सफलता प्राप्त करता है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 61 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## BNS-206, आदेश, नोटिस, समन से बचने के लिए स्वयं को छुपा लेना कब अपराध होता है जानिए।

कोई भी राजस्व विभाग हो या पुलिस विभाग या न्यायालय वहा के सभी अधिकारियों को किसी व्यक्ति के बुलाया के लिए समन,सूचना, आदेश भेजने का अधिकार होता है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर ऐसे आदेश या समन से बचने के लिए फरार हो जाता है या घर मे कहीं छिप जाता है तब उस के खिलाफ क्या दंडात्मक कार्यवाही होगी जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र - लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 206 की परिभाषा**

अगर कोई व्यक्ति किसी लोक सेवक के समन,आदेश या सूचना से बचने के लिए स्वयं को फरार कर लेता है या छुपा लेता है। या कोई व्यक्ति न्यायालय के समन से बचने के लिए फरार हो जाता है तब वह व्यक्ति BNS की धारा 206 के अंतर्गत दोषी होगा।

**नोट**- 1. यहां व्यक्ति स्वयं को फरार होने के अर्थ यह भी है की खुद को घर मे छुपा लेना ।

2. इस धारा के अंतर्गत व्यक्ति को समन,आदेश, सूचना से बचने के लिए दण्डित किया जाता है न कि वारंट से बचने के लिए।

Bharatiya Nyaya Sanhita,2023 Section 206 Provision of punishment

यह अपराध,असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध के खिलाफ डारेक्ट एफआईआर दर्ज नहीं होगी, इस अपराध के लिए कोई भी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) दर्ज करवा होगा । इस अपराध की सुनवाई कोई भी मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है ।

**सजा** - इस अपराध के लिए सजा दो भागों में दी जाती है


1. राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी के समन, आदेश, सूचना प्राप्त होने से स्वयं को बचने वाले व्यक्ति के लिए एक माह की सदा कारावास या पांच हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

2. न्यायालय द्वारा भेजे गये आदेश, समन,सूचना से फरार होने वाले व्यक्ति को अधिकतम छः माह कारावास या दस हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए किया है पिछले बजट से 3000 करोड़ रुपए अधिक का प्रावधान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता करें सुनिश्चित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर बच्चे की शिक्षा, चिकित्सा और पोषण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के हर विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए हमने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3000 करोड़ रुपए अधिक बजट का प्रावधान किया। हम अपनी शिक्षा व्यवस्था में सभी जरूरी सुधार लाने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में प्रत्येक शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बिजली, पंखा, स्वच्छ व शीतल पेयजल और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्थाएं की जाएं।



#### नैतिक शिक्षा देने पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राथमिक स्कूल स्तर से ही बच्चों को आदर्श पारिवारिक मूल्यों की नैतिक शिक्षा देने के लिए उचित प्रबंध करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्या भारती, गायत्री परिवार और आर्ट ऑफ लिविंग जैसी संस्थाओं को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों से जोड़ा जाए। बाल्यकाल में प्राथमिक कक्षा से ही विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास का क्रम जारी रहना चाहिए।

#### समिति बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए सुझावों का सरकार स्वागत करेगी। मिले सुझावों पर विचार-विमर्श के लिए विशेषज्ञों के साथ शीघ्र ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त विभाग, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्रीगण की एक समिति बनाकर संयुक्त बैठक आयोजित करने और शैक्षिक सुधार की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# मंत्री श्री सारंग ने राजेंद्र नगर में स्टेडियम का किया भूमिपूजन

### क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर नये खिलाड़ियों को करेंगे तैयार - मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग



**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 37, राजेंद्र नगर में नवीन स्टेडियम के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आधुनिक खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियाँ युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को व्यायाम के साथ ही युवाओं को खेल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात है। यहाँ विभिन्न खेलों के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

# हिन्दू वर-वधु के सात फेरे नहीं होने पर क्या विवाह नहीं माना जाता जानिए महत्वपूर्ण निर्णय/legal advice...

हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अनुसार हिन्दू विवाह संस्कारों का विवाह होता है । वर-वधू को शादी करने के लिए सात फेरों की रस्मों में बन्धन में बन्धना पड़ता है तब जाकर वह पति पत्नी होते हैं एवं विवाह पूर्ण होता है । अगर कोई हिन्दू महिला या पुरुष यह कहे की मैंने किसी संस्था से शादी की है सिर्फ नोटरी या आर्य समाज आदि के द्वारा तो यह विवाह कानून की नजरो में अवैध विवाह होगा जानिए इससे संबंधित एक महत्वपूर्ण सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट।

**उर्मिला बनाम राज्य मामला ( निर्णय वर्ष 1994 उत्तरप्रदेश )**- आरोपी ब्रजमोहन ने दूसरा विवाह निशा देवी से किया था जबकि उसकी पहली पत्नी उर्मिला जिवित थी द्व आरोपी का पहला विवाह आर्य समाज पद्धति से हुआ था जबकि वह दोनों पति पत्नी हिन्दू धर्म के थे। आर्य समाज पद्धति में विवाह की वैधता के लिए केवल साढे तीन परिक्रमा (फेरे) ही पर्याप्त माने जाते हैं एवं आर्य समाज मे सात फेरों की आवश्यकता नहीं होती है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने विनिश्चित किया कि हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विवाह की वैधता के लिए सात फेरों का होना अति-आवश्यक है अगर हिन्दू वर वधू है तो विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के नियमो के अनुसार ही पूर्ण होना चाहिए न कि किसी अन्य समाज के नियमों के अनुसार आरोपी का आर्य समाज पद्धति से किया गया विवाह वैध नहीं है इसलिए आरोपी भारतीय दण्ड संहिता की धारा 494 (अब BNS की धारा 82 होगी) के अंतर्गत पुन: विवाह के अपराध का दोषी नहीं होगा।

**अवैध विवाह करने के लिए दण्ड का प्रावधान**- यह अपराध असंज्ञेय एवं ज़मानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर दर्ज नहीं होती है इसके लिए न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) दर्ज करवाना होगा तभी मामला संज्ञान में लिया जाएगा। एवं इस अपराध में जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन करना होगा, अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।

**सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

**लेखक बीआर अहिरवार ( पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद )**

# महुआ बीन रही महिला पर बाघ ने किया हमला, घटना स्थल पर हुई मौत, दहशत का माहौल

## बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के पनपथा बफर, पतौर रेंज की घटना

**कैलाश कुमार -**
**सह संपादक ( युवा प्रदेश )**





उमरिया - जिले के बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व अंतर्गत पतौर रेंज मे बुधवार को बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया। जिसमे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका का नाम रानी पति ओमप्रकाश सिंह 27 निवासी ग्राम कोठिया बताया गया है। ग्रामीणो के मुताबिक रानी सिंह सुबह-सुबह अपने गांव से सटे जंगल मे महुआ बीनने गई थी। करीब साढ़े 9 बजे अचानक उसे बाघ ने दबोच लिया। गर्दन मे हुए भीषण प्रहार के कारण कुछ ही मिनट मे महिला का शरीर ठंडा पड़ गया। जिसकी सूचना पर वन विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु रवाना किया। कल ही रानी सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**कई दिनो से सक्रिय है बाघ:** बताया जाता है कि पनपथा तथा पतौर रेंज से सटे इन इलाकों मे लंबे समय से कई बाघ सक्रिय हैं। जिसे देखते हुए पार्क प्रबंधन लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है। इतना ही नहीं कर्मचारी सायकिलों पर मेगाफोन बांध कर मुनादी भी कराई जा रही है। बांधवगढ़ के उप संचालक पीके वर्मा के अनुसार पनपथा कोर की चंसुरा बीट मे एक दिन पहले ही इस बाघ ने किल किया था। ऐसे समय मे उसके आसपास जाना बेहद खतरनाक हो जाता है। वैसे भी महुआ बीनने के लिये बफर क्षेत्र तक जाने की ही अनुमति है। श्री वर्मा ने बताया कि ग्रामीणो को अकेले जंगल मे नहीं जाने का बार-बार आग्रह किया जा रहा है, परंतु वे किसी की भी नहीं सुन रहे हैं। बुधवार को बाघ के हमले का शिकार हुई महिला कोर क्षेत्र मे प्रवेश कर गई थी।

**पकड़े जा चुके कई बाघ:** बीटीआर के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि कोठिया के पास महिला पर हमला करने वाले बाघ के संबंध मे जानकारी जुटाई जा रही है। सभी परिस्थितियों का अध्ययन करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार आगे कोई कदम उठाया जायेगा। गौरतलब है कि हाल के कुछ महीनो मे बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के पनपथा तथा पतौर रेंज से लगे जंगलों के आसपास ग्रामीणों पर बाघों के अलावा तेंदुओं के हमलों की कई घटनायें हुई हैं। विगत दिनो चंसुरा से सटे इलाके मे बाघ ने जोद्धी कोल नामक ग्रामीण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। हादसों के बाद लोगों के रोष को देखते हुए इस क्षेत्र से कई बाघों को पकड़ कर इंक्लोजर अथवा अन्य उद्यानो मे भेजा जा चुका है, इसके बाद भी घटनाओं मे कमी नहीं आ रही है।

**माधव उद्यान रवाना हुआ एक और बाघ:** बांधवगढ़ से एक और नर बाघ गत दिवस शिवपुरी जिले मे बनाये गये माधव राष्ट्रीय उद्यान रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि ताला कोर क्षेत्र मे जन्मा 3-4 साल का यह बाघ कुछ समय से पनपथा-खितौली कोर तथा पनपथा बफर के बीच अपनी टेरेटरी स्थापित करने की कोशिश कर रहा था। बुधवार को सुबह 6 बजे पार्क की टीम ने सर्चिंग शुरू की। कुछ ही घंटों मे यह पतौर रेंज के बमेरा डेम के पास मिल गया। 11.30 बजे बाघ को टैंक्यूलाईज करने के उपरांत 12.30 बजे विशेष वाहन ने बाघ को लेकर गंतव्य के लिये प्रस्थान किया। बाघ के सांथ संजय टाईगर रिजर्व के चिकित्सक डॉ. अभय सेंगर तथा पतौर रेंजर अर्पित मेराल भी गये हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन मे क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय, उप संचालक पीके वर्मा, एसडीओ दिलीप मराठा के अलावा हाथियों, वाहन चालक सहित करीब 30 लोग की टीम सम्मिलित हुई। उल्लेखनीय है कि साल 2023 मे एक बाघिन माधव राष्ट्रीय उद्यान भेजी गई थी। जिसने अभी-अभी वहां तीन शावकों को जन्म दिया है।

# नशीली दवाई के साथ तीन तस्कर को पुलिस ने 14 नग ओरनेक्स सिरप के साथ किया गिरफ्तार

**कैलाश कुमार -**
**सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

शहडोल - जिले के धनपुरी थाना पुलिस ने नशीली सामग्री के तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है । आरोपियों केर पास से नशीली दवाई, मोबाइल व मोटर सायकिल समेत दो लाख रुपए से अधिक का मशरूका जप्त किया गया है । पकड़े गये आरोपियों में सुमित शर्मा पिता लालमणि शर्मा उम्र 33 साल निवासी वार्ड नं. 5 कटकोना थाना बुढार 2. राजकुमार पाल पिता प्रेमदास पाल उम्र 30 साल निवासी वार्ड नं. 24 कछियान टोला धनपुरी व सौरभ सिंह बघेल निवासी शहडोल शामिल है। उक्त कार्यवाही के बारे में पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सुमित शर्मा व राजकुमार पाल नाम के व्यक्ति,मुक्ति धाम नरगड़ा नाला के पास धनपुरी में अवैध नशीली दवाई कोरेक्स बिक्री करने हेतु रखे है। यदि तत्काल घेराबन्दी की जाए तो सुमित शर्मा व राजकुमार पाल को रंगे हाथ कोरेक्स सहित पकडा जा सकता है। सूचना पर थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम गठित कर मुक्तिधाम नरगडा नाला के पास धनपुरी में घेराबन्दी कर दबिश दी गई है। जहां से सुमित शर्मा पिता लालमणि शर्मा उम्र 33 साल निवासी वार्ड नं. 5 कटकोना थाना बुढार तथा राजकुमार पाल पिता प्रेमदास पाल उम्र 30 साल निवासी वार्ड नं. 24 कछियान टोला धनपुरी को पकड़ा गया । आरोपी की स्कूटी तलाशी ली गई जिसमें 14 नग कोडीन युक्त नशीली दवाई ओनरेक्स एवं विन्क्रेक्स कफ सिरफ कीमती 2760 रूपये



की बरामद हुई। इस प्रकार मौके पर आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 14 नग कोरेक्स कफ सिरप, 2 नग मोबाइल एवं 1 नग मोटर सायकल व 1 नग स्कूटी जप्त किया गया । जब आरोपियों से उक्त नशीली दवाई के बारे में पूछताछ की गई तो दोनो आरोपियों द्वाराउक्त नशीली दवाई कोरेक्स को सौरभ सिंह बघेल निवासी शहडोल से बिक्री करने हेतु खरीदकर लाना बताया गया । जिसके बाद आरोपी सौरभ सिंह बघेल की पता तलाश शहडोल में की गई तो वह बाणगंगा मेला ग्राउण्ड शहडोल के पास मिला ,उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया । उसके कब्जे से एक मोटर सायकल, एक मोबाइल व 15 सौ रूपये जप्त किए गये । इस प्रकार आरोपियों के संयुक्त कब्जे से करीबन 2 लाख 15 हजार रूपये का मसरूका जप्त किया गया। तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर वापस थाना लाया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 8बी, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया । उक्त मामले से संबंधित एक आरोपी फरार है । जिसकी तलाश की जा रही है ।

# सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा आरोही सिंह सेंगर का नवोदय विद्यालय में चयन



**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

अनूपपुर। सरस्वती शिशु मंदिर पटना कला की प्रतिभावान छात्रा आरोही सिंह सेंगर पिता पुष्पेंद्र सिंह सेंगर ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा पंचम की छात्रा आरोही ने न केवल 84.5त्न अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में भी सफलता अर्जित कर अपने परिवार, शिक्षकों और विद्यालय का मान बढ़ाया है।इस अवसर पर भगवा पार्टी के महासचिव मुरारीलाल पांडेय ने आरोही सिंह सेंगर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मां सरस्वती से प्रार्थना है कि वह इसी तरह आगे भी अपनी शिक्षा में नए मुकाम हासिल करती रहें। इस सफलता से उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। आरोही के चयन पर पटना कला निवासी रणजीत सिंह सेंगर, बाल गंगाधर सिंह सेंगर, कुँवर सिंह परिहार, सोहन सिंह राणा और के. के. सिंह परिहार ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# साइबर खतरा ना बन जाए गिब्ली इमेज ट्रेंड फ़ॉलो करना,जानिये कैसे रहें इससे सुरक्षित?




रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश

दोस्तों आजकल सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है । इसका नाम है गिब्ली इमेज स्टूडियो इमेजस इसमें आपके ओरिजनल फोटो वीडियो आदि गिब्ली इमेज में कन्वर्ट हो जाते हैं और देखने में काफी आकर्षक लगते हैं । जितने भी सोशल मीडिया यूसर्स हैं तेजी से इस गिब्ली इफेक्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब इसमें ये हो रहा है कि जब भी कोई सोशल मीडिया पर कुछ ट्रेंड होता है तो उसी दौरान साइबर अपराधी भी बहुत जल्दी एक्टिव हो जाते हैं । क्योंकि लोग इन ट्रेंड को बिना सोचे समझे जाने फॉलो करने लगते हैं । इनमें फोटो जेनेरेट करने के लिए चेट जी पी टी नाम के एक एप्लिकेशन का इस्तेमाल करना पड़ता है । जो,ढ्ढ जेनेरेटेड है।जैसे ही इस पर आप इमेज को एडिट करेंगे वो आपके पर्सनल डेटा को अपने पास सेव कर लेता है । ये,ढ्ढ ने अपनी पॉलिसी में भी कहा है। कुछ लोग अपनी तस्वीरें गिब्ली इमेज में कन्वर्ट करने के लिए चेट जी पी टी का सहारा ले रहे हैं । लेकिन चेट जी पी टी एक दिन में केवल दो ही इमेज कन्वर्ट करके दे रहा है । कुछ लोग ग्रोक का इस्तेमाल कर रहे हैं। वह भी एक दिन में दो ही इमेज कन्वर्ट करके देता है। इससे एक दिन में दो से ज्यादा बार इमेज कन्वर्ट करने के लिए पैसे देकर सबस्क्रिप्शन लेना पड़ता है । लेकिन हम यूसर्स को सब कुछ फ्री में ही चाहिए। इसी का फायदा उठाकर साइबर अपराधी आपके सोशल मीडिया जैसे व्हाटसप् टेलीग्राम आदि पर एक लिंक मैसेज द्वारा भेजते हैं की आप कितनी भी इमेज वीडियो को फ्री में गिब्ली स्टूडियो इमेजस में कन्वर्ट कर सकते हैं। और उस ट्रेंड को फॉलो करने के चक्कर में साइबर अपराधियों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक कर देते हैं। क्लिक करते ही मोबाइल हेक हो जाता हैं। और फोन में मौजूद सभी डिटेल बैंक डिटेल अपराधियों के हाथ में पहुँच जाती है। जो बहुत ही नुकसानदायक साबित होती है।

इसलिए किसी भी ट्रेंड को इस्तेमाल करने से पहले सतर्कता व सावधानी बरतें। स्टूडियो गिब्ली की इमेजेस और कंटेंट से जुड़े साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कुछ ज़रूरी सावधानियां बरतनी चाहिए जैसे गिब्ली की इमेजेस, वॉलपेपर, और कंटेंट केवल उनके आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया पेज से ही डाउनलोड करें।कई फेक साइट्स मुफ्त इमेजेस देने के नाम पर मालवेयर या फिशिंग लिंक डाल सकती हैं।असली और नकली अकाउंट की पहचान करें सोशल मीडिया पर वेरिफाइड अकाउंट्स से ही घिबली से जुड़ी जानकारी लें।कॉपीराइट उल्लंघन वाली साइट्स से बचें - कुछ वेबसाइट्स अवैध रूप से गिब्ली के आर्टवर्क बेचती हैं या फेक NFTs बनाकर लोगों को धोखा देती हैं। कुछ स्कैमर्स गिब्ली स्टाइल में,ढ्ढ-जनरेटेड इमेजेस बनाकर बेचने की कोशिश करते हैं, जबकि स्टूडियो गिब्ली ने कभी आधिकारिक रूप से ह्लस्नञ्जह्य लॉन्च नहीं किए हैं। डरावनी पॉप-अप्स और अजीब लिंक पर क्लिक न करें - कई वेबसाइट्स आपको क्लिकबेट ट्रैप में फंसाने की कोशिश कर सकती हैं।यदि किसी के साथ ऐसी धोखाधड़ी हो जाए तो तुरंत साइबर पुलिस को सूचित करें।

# सतना जिला में भीम आर्मी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े जी के दौरे पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह जी का मनाया गया जन्मदिन



**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**



देश भर में शोषितों ,पीड़ितों की आवाज उठाने वाले,युवाओं में नई ऊर्जा प्रदान करने भीम आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े जी का दौरा होने पर सतना जिले के भीम आर्मी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सतना जिला के रेलवे स्टेशन पहुंच कर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय बड़े भैया विनय रतन सिंह जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर भीम आर्मी के उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े जी के द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया जिसमें भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा जी,जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गंगाराम वर्मा ,शेरू वर्मा, राहुल राज रावण बाबूपुर सरपंच,मोहित वर्मा , मझगवां तहसील अध्यक्ष अंगद वर्मा, जिला कार्यकारिणी वीरेंद वर्मा , सत्यम चौधरी, रंजीत चौधरी, शिव शंकर चौधरी,आदि अनेकों भीम आर्मी के सैनिक मौजूद रहे।

# बालाघाट महोत्सव 2025 का शुभारंभ 3 अप्रैल को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में

**ज्ञानचन्दशर्मा/बालाघाट** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा बालाघाट जिला प्रशासन एवम् टूरिज्म प्रमोशनल काउंसलिंग द्वारा आयोजित प्रदेश स्तर पर पुरुस्कृत जिले का सबसे बड़ा व्यापार एवम् सांस्कृतिक मेला फिर अपने अंदाज में बालाघाट महोत्सव 2025 का शुभारंभ 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 11 अप्रैल तक जारी रहेगा। सायं 5 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 10.50 बजे तक उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया है। महोत्सव की विशेषताएं होगी ग्राहक वितरक एवम् निर्माता के मध्य सीधा संपर्क, विभिन्न कंपनियों व उत्पादों की विशाल श्रृंखला, व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं, बच्चों के लिए आकर्षक झूले एवम व गेम्स, स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए फूड प्लाजा के साथ ही बालाघाट महोत्सव में पहली बार 9 अप्रैल को शिवतांडव एक अनोखी प्रस्तुति दी जायेगी। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगेंगे। उक्ताश्य की जानकारी रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने गुरुवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। इनकी रही उपस्थिति अखिल वैद्य रोटरी क्लब अध्यक्ष,सचिव अर्चित नेमा, रविन्द्र वैद्य, सुकुमार जैन, अनुप वेगड़, अमित रंगलानी एवम् अन्य अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही सभी ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से जिले की जनता से बालाघाट महोत्सव 2025 में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का अनुरोध किया है।

# शेयर मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ से अधिक की ठगी, गिरोह को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

क्राईम ब्रान्च (सायबर) जिला भोपाल की टीम ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1,22,50,000 रुपये ठगी करने वाले सातिर गिरोह को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपीगण को कूच बिहार से गिरफ्तार कर भेजा सलाखो के पीछे।पीड़ित फरियादी निवासी भोपाल का शिकायत आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था जिसमें अप्रैल 2024 के अन्त में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वार व्हाटसप् ग्रुप ष्ट57 ष्द्धद्य Student में जोड़ा उसके बाद उस ग्रुप में शेयर मार्केट मै इन्वेस्ट करने के नाम पर बात हुई। उसके बाद वाटसअप पर विभिन्न मौबाइल नंबर से एक महिला से इन्वेस्ट के संबंध में बात हुई जिसने बताया कि हमारी कंपनी में इन्वेस्ट करने पर कम समय में अधिक प्रॉफिट कमाया जा सकता है। उसके बाद शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के लिये उक्त महिला के द्वारा फरियादी को ACVVL ONLINE नामक एप्लीकेशन की लिंक भेजी जिसे डाउनलोड करने के बाद उपयोग करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड दिया गया था। पैसे जमा करने के लिये वाटसअप पर अकाउण्ट नंबर दिया जाता था। उनके द्वारा दिये गये बैंक खाते में पैसा जमा करने के बाद जमा की रसीद वाटसअप ग्रुप पर भेजी जाती थी। पीड़ित फरियादी के द्वारा लगभग दो महीने की अवधि में कुल 1,22,50,000 रुपये जमा किये जा चुके है। इसके बाद जब फरियादी ने वॉलेट से अपना प्रोफिट निकालना चाहा




तो उनके द्वारा बताया गया कि प्रोफिट का 20 प्रतिशत आपको जमा करना होगा तब आप आपका पैसा निकाल सकेंगे। इस प्रकार फरियादी के साथ शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर कुल 1,22,50,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। शिकायत आवेदन एवं जॉच मे आये तथ्यी के आधार पर फरियादी के साथ धोखाधड़ी में प्रयुक्त व्हाटसएप्प मोबाइल नंबर , ACCEL ONLINE नाम के एप्लीकेशन, बैंक खातों के उपयोकर्ताओं के द्वारा आवेदक के साथ शेयर मार्किट में इन्वेस्ट करने के नाम पर 1,22,50,000 रुपये की धोखाधड़ी करना पाया गया जिस पर अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। जिसको गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही प्रारंभ की गई।आरोपी के द्वारा लोगो को फर्जी शेयर ट्रेडिंग ACVVL ONLINE नामक एप्लीकेशन की लिंक भेजकर जिसे डाउनलोड करने के बाद यूजर आई.डी. पासवर्ड बनवाकर कम समय मे अधिक मुनाफा देने के नाम पर शेयर ट्रेडिंग करने का बोलकर फर्जी खातो मे पैसा जमा करवा लेते थे। उसके बाद फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप मे अधिक मुनाफा दिखा देते थे। जब पीडित पैसे निकालने के लिये बोलते थे तो आरोपियो के द्वारा टेक्स के नाम पर और पैसो की मांग करते थे। एप पर अधिक पैसा जमा होने पर विथड्रोल को बंद कर देते थे। गिरफ्तार आरोपीयों के द्वारा बैंक खाते खुलवाकर साइबर अपराधियों को बेंचे जाते थे एवं इन खातों में पैसा आने पर अन्य बैंक खातों में ऑनलाइन स्थानांतरित कर दिया जाता था। जिसके लिए आरोपियों को प्रति लेन-देन के हिसाब से पैसा मिलता था। आरोपियो को ठगी मे उपयोग किये जाने वाले फर्जी बैंक खातो को उपलब्ध कराने पर आरोपीयों द्वारा प्रति खाता 50000 रुपए लिये जाते थे। मामले में सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा कार्यवाही करते अपराध में उपयोग किये गये फर्जी बैंक खाते बेचने वाले आरोपीयों को कूच बिहार एवं अन्य को नागपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया एवं अपराध में प्रयुक्त 6 मोबाइल फोन, 19 सिम कार्ड, 12 ॠरूकार्ड, 2 चेकबुक , 11 बैंक पासबुक व अन्य दस्तावेज जप्त किये गये है। सायबर काईम संबंधित घटना घटित होने की सूचना भोपाल सायबर क्राइम के हेल्पलाइन नम्बर 9479990636 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दें ।

## संभागायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश संभागीय समीक्षा बैठक में दिये



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

संभागायुक्त संजीव सिंह ने आगामी 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों को इस अभियान के लिए अपनी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। सामाजिक क्षेत्र के निर्माण कार्य जैसे सीएम राइज स्कूल, आंगनवाड़ी भवन, छात्रावास भवन आदि को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय - सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। संभागायुक्त ने कमिश्नर कार्यालय के व्हीसी कक्ष में ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा भोपाल मंडल के अंतर्गत संभाग के सभी जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। व्हीसी में सभी जिलों के सीईओ जिला पंचायत और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।संभागायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक बिंदु पर रणनीति बनाकर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित कार्य करने और आम जनता में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी जिले इस अभियान में सक्रिय रूप से काम करें, प्रगति लाएं और निरंतर समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें। संभागायुक्त ने 5वें वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत अपूर्ण निर्माण कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी कार्यों को जून माह से पहले पूरा किया जाए। उन्होंने शेष स्वीकृत राशि का उपयोग करके निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी अपूर्ण और अप्रारंभ आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जून माह में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को महत्वपूर्ण बताते हुए अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2024-25 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपूर्ण आवासों के निर्माण को आगामी तीन महीनों में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित मासिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि कार्यों की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

## नक्सल विरोधी अभियान में मध्य प्रदेश पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो खूंखार इनामी नक्सली धराशायी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एम.एम.सी. जोन (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के के.बी. डिवीजन (कान्हा भोरमदेव) की भोरमदेव एरिया कमेटी के 2 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरूद्ध लगातार आक्रामक कार्यवाही की जा रही है।कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादर-गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की आसूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। आज सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये सूझबूझ से नियंत्रित एवं प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्यवाही में 2 वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से 1 एसएलआर रायफल तथा 1 अन्य रायफल, भरी मैगजीन, 1 वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।राज्य में पहली बार डेढ माह की अवधि में 6 माओवादियों को 2 मुठभेड़ों में ढेर किया गया है।

# श्रमजीवी पत्रकार परिषद में सतीश विश्वकर्मा संभागीय उपाध्यक्ष निर्वाचित

**कैलाश कुमार – सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेयी व राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी की अनुमति एवं प्रदेशाध्यक्ष मयंक तिवारी की स्वीकृति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी राजेश शुक्ला एवं संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा की अनुशंसा पर सतीश विश्वकर्मा जिला उमरिया नवभारत व्यूरो को शहडोल संभाग का संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश महासचिव राजेश दुबे ने सतीश विश्वकर्मा संभागीय उपाध्यक्ष की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए उन्हे बधाई प्रेषित करते हुए संगठन हित मे नई ऊर्जा से कार्य करने एवं समय पर सदस्यता अभियान पूर्ण करने की आशा जताई है। साथी उमरिया जिले की कार्यकारिणी गठन करने की जिम्मेदारी भी दी। सतीश विश्वकर्मा को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व शहडोल संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला एवं शहडोल संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन संभागीय उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा संभागीय सचिव श्याम तिवारी,उमारिया से बजरंग बहादुर सोनी, अनूपपुर जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला महामंत्री श्रवण उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी,



शैलेंद्र द्विवेदी, जिला सचिव संतोष चौरासिया, चंदन केवट, धर्मेन्द्रकांत तिवारी, कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, अनूपपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिगंबर शर्मा एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोमू दुबे, सहित वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पांडेय, प्रेमचंद अग्रवाल, गिरीश राठौर, उमाशंकर पांडेय, विनोद विन्धेश्वरी पांडेय, संतोष झा, , शैलेन्द्र विश्वकर्मा, नियामुद्दीन अली, अजय नामदेव, नीरज द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद यादव, अजीत तिवारी, अमीन वारसी, आर.सी. मिश्रा, प्रकाश तिवारी(मोंटी), श्याम तिवारी, आशुतोष सिंह, मदनमोहन मिश्रा, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, महेश प्रसाद मिश्रा कोतमा, गौरव दहिया, बृजेश जयसवाल, रमेश जयसवाल, राजेश सिंह, राजकुमार शुक्ला, अमित तिवारी, सीताराम पटेल, डी.एस.राव, सुनील मिश्रा, प्रमोद तिवारी, धनंजय तिवारी, कमलेश मिश्रा, श्रीराम केवट, रामचरण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, पुष्पेंद्र उमर्लिया, संस्कार गौतम, साबिर अली, अनिल कुमार सोनी, प्रीतम तिवारी, शिवम साहू, राजकुमार यादव, दिनेश केवट, अरूण त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, चेतराम शर्मा, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, इंद्रपाल यादव, अमित कुमार, प्रहलाद गुप्ता, पवन गौतम, मनोज जैन, बृजेश द्विवेदी, अनिल राठौर, विजय राठौर, सूरज राठौर, होलकर मांडवी, निगम दास चौधरी शम्भु नाथ सोनी प्रवीण तिवारी ब्रजनंदन विश्वकर्मा दीपक विश्वकर्मा हुकुम सिंह शिवेंद्र निगम अमित श्रीवास्तव अरूण विश्वकर्मा आदि पत्रकारों ने शुभकामनाओं के साथ बधाई प्रेषित की।

# हनुमान मंदिर,खाम्हीडोल में श्री राम कथा एवं यज्ञ महोत्सव 04 से 12 अप्रैल तक आयो.-दाण्डी महाराज



**कैलाश कुमार – सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

अनूपपुर। दाण्डी महाराज हनुमान मंदिर, खाम्हीडोल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री हनुमान मंदिर,बजरंग आश्रम खाम्हीडोल में 4 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक श्री राम कथा एवं यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया है।जिसमें कथा प्रवक्ता श्रीमद् भागवत एवं श्री राम कथा वाचक श्रद्धेय राजीव लोचन शास्त्री जी श्री राधामाधव सेवा आश्रम,चित्रकूट धाम के मुखाग्र बिंदु से होगी। दाण्डी महाराज हनुमान मंदिर,बजरंग आश्रम खाम्हीडोल ने बताया कि भगवान श्री हनुमान जी महराज की अहेतुकी कृपा से श्री राम कथा एवं यज्ञ महोत्सव कथा दिनांक 04 से 12 अप्रैल 2025 तक कथा समय दोपहर 2 बजे से हरिइच्छा तक चलेगी।कार्यक्रम के संबंध में बताया कि श्री राम कथा एवं यज्ञ महोत्सव के समस्त कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिदिन संपन्न हुआ करेंगे। उन्होंने कथा प्रसंग के बारे में बताया कि प्रथम दिवस 04 अप्रैल 2025 कलश यात्रा,मंडप प्रवेश, मंगलाचरण एवं नाम महिमा,द्वितीय दिवस 05 अप्रैल 2025 सती चरित्र,शिव विवाह,तृतीय दिवस 06 अप्रैल 2025 नारद मोह,श्रीराम जन्म महोत्सव,चतुर्थ दिवस 07 अप्रैल 2025 बाल लीला,अहिल्या उद्धार,जनकपुर दर्शन,पंचम दिवस 08 अप्रैल 2025 पुष्पवाटिका प्रसंग, धनुषभंग,सीता राम विवाह महोत्सव,षष्ठम् दिवस 09 अप्रैल 2025 श्री राम वन गमन एवं केवट प्रसंग,सप्तम् दिवस 10 अप्रैल 2025 भरत चरित्र,अष्टम् ?दिवस 11 अप्रैल 2025 शवरी गीध आदि भक्तों की कथाएं एवं श्री हनुमान चरित्र,नवम दिवस 12 अप्रैल 2025 श्री हनुमान जी के द्वारा सीता जी खोज,रावण बध एवं श्री राम राज्याभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही श्री हनुमान प्रकट्योत्सव के पावन दिवस पर विशाल भण्डारा दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। दाण्डी महाराज एवं समस्त ग्रामवासी हनुमान मंदिर, बजरंग आश्रम,खाम्हीडोल ने सभी श्रद्धालु जनों से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## थाना चचाई जिला अनूपपुर (म.प्र.)


# अंधी हत्या का आरोपी 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार




**कैलाश कुमार – सह संपादक ( युवा प्रदेश )** दिनांक 30/03/25 को जरिये मोबाइल सूचना प्राप्त हुआ था कि राजू सोनी अपनी पत्नी श्रीमति गुड़िया उर्फ राखी सोनी के साथ मारपीट किया है दो तीन पहले से मारपीट कर रहा है जो खत्म हो गयी है । सूचना पर मौके में पहुंचकर मृतिका के पति सूचनाकर्ता राजू सोनी की सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेशन कायम कर मृतिका के शव का पंचनामा मृतिका के परिजनों को अंबिकापुर से बुलाकर किया गया एवं मृतिका के शव का पी एम जिला अस्पताल अनूपपुर से प्राप्त हुआ पी एम रिपोर्ट में डा0 साहब के व्दारा मृतिका की मृत्यु सिर में गंभीर चोंट आने से मृत्यु होना लेख किये एवं मृतिका का बिसरा प्रिजर्व किया गया है । शव निरीक्षण के दौरान मृतिका के शव शरीर पर सिर में बांए तरफ सूजनदार लाल श्याह चोंट, बांए आंख के पास सूजनदार लाल श्याह चोंट, दाहिना आंख के पास भौंह में सूजनदार काला लाल श्याह चोंट, दाहिने तरफ के दाढी में काला चोंट, छाती में लाल श्याह चोंट, दाहिने ब्रेस्ट में लाल श्याह छिलन चोंट, दोनों हांथ के कलाई, पीठ, भुजा में तथा दोनों पैर के घुटना के पास के ऊपर एवं नीचे लाल श्याह चोंट, दाहिना पैर के घुटना के नीचे खरोंच दार चोंट पाया गया है । मृतिका के परिजनों एवं मृतिका के घर के पास रहने वाले साक्षी गणों के कथन लिये गये हैं जिनके व्दारा बताया गया है कि मृतिका शराब पीती थी जिस कारण से उसके पति राजू सोनी से विवाद होता था और उसका पति मारपीट करता था दि0 30/03/25 को लाठी से मारपीट किया है मारपीट से आई गंभीर चोंट के कारण मृत्यु होना बताये हैं । थाना चचाई में मर्ग कायम कर दिनांक 31/03/25 को आरोपी राजू सोनी के विरूद्ध अप0 क्र0 63/25 धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान 24 घण्टे के अंदर आरोपी राजू सोनी पिता स्व0 मुन्ना लाल सोनी उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नं0 08 मस्जिद के पीछे अमलाई थाना चचाई को गिरफ्तार कर न्यायालय अनूपपुर के माध्यम से जेल भेजा गया । श्रीमान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर (I.P.S.) श्री मोती उर रहमान जी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय इसरार मन्सूरी ,एसडीओपी महोदय श्री सुमित करकेट्टा के कुशल मार्गदर्शन में थाना चचाई से निरीक्षक राकेश उइके सउनि0 महिपाल प्रजापति, सउनि0 नागेश सिंह, प्र आर 164 विकास दहायत, आर0 नितेश साहू, आर0 नत्थू मोरे, प्र0 आर0 अशोक बर्मन, आरक्षक दीपक मंडलोई, आरक्षक राकेश व्दिवेदी, प्रकाश निनामा की सराहनीय भूमिका रही है ।

# जिला प्रशासन द्वारा चयनित नवीन स्थल पर बने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय ज्ञापन सौपा गया





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

**अनूपपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में पंचायत के सरपंच,पंच एवं नागरिक गण कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौपा हैं।जिसमें मांग की गई है कि जिला प्रशासन द्वारा चयनित नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 1 में नवीन स्थल पर ही तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का निर्माण कराया जाए। ज्ञापन में लेख किया गया है कि जिला प्रशासन अनूपपुर के द्वारा नवीन तहसील कार्यालय भवन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन के लिए अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 के आराजी खसरा नम्बर 7/1/1/1 रकवा 2.069 हे. के अंश भाग रकवा 0.800 हे. भूमि का चयन किया गया है।जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद अनूपपुर से लिया गया है।इस निर्णय का हम लोग स्वागत करते है।

नवीन तहसील भवन तयसुदा स्थान पर बनाया जाता है तो क्षेत्र के लोगों एवं किसानों को जिला कलेक्ट्रेट एवं तहसील पास होने से आने जाने का समय बचेगा एवं सुविधा जनक रहेगा। उन्होंने कलेक्टर अनूपपुर से मांग की है कि नवीन तहसील कार्यालय भवन,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन वार्ड क्र.01 में जिला प्रशासन द्वारा चयनित स्थल में ही बनाया जाए।

## वाहन की टक्कर से मादा तेंदुए की मौत का मामला

- अज्ञात के विरुद्ध वन अपराध दर्ज शुरू की गई विवेचना

**ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट।** नैनपुर राजमार्ग मे लालदेव के समीप वन्य प्राणी मादा तेंदुआ का शव बरामद किया गया था इस मामले मे वन विभाग ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है वही गश्ती भी बढ़ाई गई है जानकारी के अनुसार 29मार्च की रात्रि मे वन विभाग निगम परियोजना परिक्षेत्र लामता को सूचना प्राप्त हुई थी कि अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत हो गई है निगम के जिम्मेदार मौके स्थल पर पहुंचे जिन्हेने सड़क से 15मीटर दूर मादा तेंदुआ का मृत शव पाया था संभागीय प्रबंधक डेविड चनाप एव मुख्य वन संरक्षक अधिकारी मौके स्थल पर पहुंचे थे घटना स्थल के आसपास के क्षेत्र मे डॉग स्काड से निरीक्षण परीक्षण कराया गया वन विकास निगम संभागीय प्रबंधक डेविड चनाप ने बताया कि वन विकास निगम द्वारा वन्य प्राणियो की सुरक्षा के लिए लालबर्रा लामता वारासिवनी मे संवेदनशील एरिया मे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है ताकि वन्य प्राणियो पर निगरानी बनी रहे तथा सुरक्षा मे किसी प्रकार की लापरवाही ना हो वन विकास निगम अपने समस्त बीटो पर समय समय पर गश्ती दल के साथ गश्ती कर रहा है वन्य प्राणियो की सुरक्षा को देखते हुए गश्ती को बढा दिया गया है।

# ग्राहक पंचायत शहडोल द्वारा सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**






**शहडोल** – बुधवार 02 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शहडोल, द्वारा रक्तदान महानदान परोपकार सर्वो धर्म अभियान द्वारा रक्तदान एवं नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया एवं 120 लोगों ने नि:शुल्क जांच कराई, रक्तदान शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र , बैच और जूस वितरित किया गया। रक्त सेंटर जिला चिकित्सालय शहडोल से उपस्थित श्रीमती श्यामला राव जी ने समस्त रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि रक्तदान से हम लोगों का जीवन बचा सकते हैं साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को रक्तदान के प्रति जागरूक होना होगा तथा रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को भी दूर करना होगा। रक्तदान से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है न ही कोई दुष्प्रभाव होता है। इस दौरान मुख्य रूप से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष श्री अनंत पाण्डेय जी, श्री अजय धारिया जी,श्री अमन तिवारी जी, सुश्री प्रिया सिंह जी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर जी, श्री आशीष गुप्ता जी, तहसील संयोजक श्री अनुराग यादव जी, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के.एल. दीवान जी ने की तथा रक्त सेंटर शहडोल के एवं सिविल अस्पताल जयसिंहनगर के कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया







**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** दिनांक - 27-03-2025 एवं 28-03-2025 को शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में महाविद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य, डॉ. कल्पना भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। श्री शिवाकांत मौर्य (सहायक प्राध्यापक / विभागाध्यक्ष, कीड़ा विभाग), डॉ. अभिषेक सिंह (सहायक प्राध्यापक), श्री राजदीप सिंह भदौरिया, (सहायक प्राध्यापक), डॉ. हरिप्रकाश मिश्र, क्रीड़ाधिकारी (अतिथि विद्वान), डॉ. ओम शर्मा, ग्रंथपाल (अतिथि विद्वान), लक्ष्मी कुलकर्णी, भृत्य, अजय उपस्थित रहे। 100 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता में राजकुमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, ईश्वर (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान, एवं निलेश (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर महिला दौड़ पर में रुचि गौर (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, चांदनी (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान एवं अंकिता गौर (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक पुरुष प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान राजकुमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान निलेश (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने एवं तृतीय स्थान जुगल किशोर (एल एल. बी. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। गोला फेंक महिला प्रतिस्पर्धा में नेहा खापरे (एल एल. बी. द्वितीय वर्ष) प्रथम स्थान, प्रिया चौहान (एल एल. बी. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान एवं रीटा परमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंगड़ी टांग महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रुचि गौर (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने, द्वितीय स्थान पर रीटा परमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने एवं तृतीय स्थान पर प्रिया चौहान (एल एल. बी. द्वितीय वर्ष) विजेता रही। योग में प्रथम स्थान ईश्वर (एल एल. बी. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान आनंद सिंह (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान पंकज (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। टेबल टेनिस पुरुष में प्रथम स्थान हेमराज सिंह परिहार (एल एल. बी. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान ईश्वर (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान शिवराम (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। टेबल टेनिस महिला में रीटा परमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज में प्रथम स्थान राजकुमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान रीटा परमार (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान आनंद सिंह (एल एल. बी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया।

# प्रवेश उत्सव एवं नए सत्र पर छात्र -छात्राओं का स्वागत किया गया



**बीआर अहिरवार शाहगंज।** शासकीय हाई स्कूल खटपुरा में नए सत्र के प्रारम्भ में एक अप्रैल को प्रदेश उत्सव एवं छात्रों का स्वागत किया गया एवं छात्रों का टीका लगाकर उनका शाला में प्रवेश करवाया गया ढ्ढ इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान ने कार्यक्रम को सम्बोधन किया एवं बच्चों को मार्गदर्शन दिया एवं शाला प्रभारी श्री घनश्याम प्रजापति जी ने शिक्षक सहित सभी छात्रों का आभार व्यक्त किया इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शिक्षक श्री महेश पालीवाल, श्री दीनदयाल गोर,श्री योगेश हनवत ,श्री रामभरोस वर्मा, श्री यूनिस खान, श्री दीपक चौहान, श्रीमती कृति अहिरवार, श्रीमति ज्योति अहिरवार, कु.रामा गौर, श्री अरविंद अहिरवार, बालकराम अहिरवार सहित स्कूल के छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।




**बहुजन समाज भारत एकता मिशन** जिला सतना मध्य प्रदेश रैगांव विधानसभा क्षेत्र 62 से भारतीय संविधान के निर्माता विश्व रतन सिंबल ऑफ नॉलेज परम पूजनीय बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वी जयंती की समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं सचिन राज अहिरवार विधाता युवा बहुजन समाज कार्यकर्ता रैगांव विधानसभा क्षेत्र


# भोपाल के छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक श्री राजेश सेन पर गंभीर आरोप लगाए

**भोपाल।** शासकीय डॉ. अंबेडकर अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास, श्यामला हिल्स, भोपाल के छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक श्री राजेश सेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर से न्याय और सुरक्षा की मांग की है। छात्रों का कहना है कि अधीक्षक द्वारा उन्हें लगातार मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है और अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। छात्रों का आरोप है कि अधीक्षक ने उन्हें धमकी दी है कि यदि उन्होंने उनके खिलाफ शिकायत



दर्ज कराई तो वे मानहानि का मुकदमा करेंगे और कोर्ट तक घसीटेंगे। साथ ही, उन्हें परीक्षा में अनुचित साधन (स्नरू) में फंसाने, प्रवेश नवीनीकरण रोकने और छात्रावास से निष्कासित करने जैसी धमकियां दी गई हैं। छात्रों ने यह भी दावा किया है कि अधीक्षक ने अपने प्रभाव का हवाला देते हुए कहा कि वे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं और यहां तक कि जिला कलेक्टर को दिए गए आवेदन को भी निरस्त करवा सकते हैं। इससे छात्र भयभीत और मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। छात्रों के पास इन धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है, जिसे वे जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत करने को तैयार हैं।

## छात्रों ने जिला कलेक्टर से तीन प्रमुख मांगें रखी हैं-

1. इस गंभीर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर अधीक्षक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

2. छात्रों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि वे भयमुक्त होकर शिक्षा प्राप्त कर सकें।

3. अधीक्षक के अनुचित व्यवहार को रोकने के लिए त्वरित निर्णय लिया जाए। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने तहसीलदार और कलेक्टर महोदय को हॉस्टल की समस्याओं से अवगत करवाया तथा छात्रावास की मरम्मत एवं नए निर्माण की मांग भी की। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और छात्रों को न्याय मिल पाता है या नहीं। इसमें छात्र अध्यक्ष - आशीष कायरे, छात्र सचिव - सुनील जाटव , और अमीन , सोनू , अरुण,कपिल ,रोहित,अंकुश , छोटू प्रजापति ,विशाल यादव ,विक्रम, आनंद , अनिकेत,शुभम,एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।

# सोनल विज: संघर्ष से सफलता तक का सफर

सोनल विज एक सशक्त और मेहनती महिला हैं, जिन्होंने अपने परिवार की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए अपने सपनों को भी साकार किया।



उन्होंने कोचिंग पढ़ाकर अपने घर को आर्थिक रूप से संभाला और अपने बच्चों की पढ़ाई में कोई समझौता नहीं किया। हालांकि, समय के साथ उन्होंने अपनी स्किल्स को और निखारने का फैसला किया और मेहंदी व मेकअप आर्टिस्ट के रूप में अपनी नई पहचान बनाई। उनके इस प्रयास ने न सिर्फ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि उन्होंने अपने पति को भी आर्थिक रूप से सहयोग देना शुरू किया। आज, सोनल विज अपनी मेहनत, लगन और आत्मनिर्भरता का एक शानदार उदाहरण हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर हौसला बुलंद हो, तो कोई भी महिला अपने परिवार और करियर के बीच संतुलन बना सकती है और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

# यामिनी कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी भोपाल का तीन दिवसीय 7 वां रंग फुलकारी नाट्य उत्सव





**दिनांक** - 24, 25,26, मार्च 2025

पहले दिन दिनांक 24 मार्च 2025 को नाटक - लासीत बोरफुकान एक वीर योद्धा लेखक निर्देशक -विष्णु गर्ग

**प्रस्तुति** - भोपाल संस्कार कला निकेतन एंड वेलफेयर समिति का मंचन शहीद भवन भोपाल में शाम- 7: 00 बजे संपन्न हुआ।

नाटक की कहानी में अहोम साम्राज्य पर 400 साल पहले मुगलों द्वारा किए गए आक्रमण को दिखाया गया है

नाटक में मुगलो की हराने और आहोम राज्य की स्वतंत्रता की रक्षा करने वाले लासित बोरफुकान की वीरता

और कुशल नेतृत्व को बखूबी दर्शाया गया है।

# नाटक - हरिशंकर परसाई के लिखे नाटक का आसरा वृद्धा आश्रम में किया गया मंचन समाज पर कटाक्ष है मैं नर्क से बोल रहा हूं



**भोपाल।** आसरा वृद्धाश्रम में यामिनी कलर एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अकाल नाती की प्रस्तुति दिनांक 30 मार्च 2025 को संबंध हुई हरिशंकर परसाई द्वारा लिखिए नाटक में नर्क से बोल रहा हूं व्यंग परख कहानी है कहानीकार ने अपने व्यंगात्मक कथनों से इंसानों को इंसानियत की राह बताने का प्रयास किया है जीवन बिताने से अच्छा है अपनी बुद्धि विवेक व शरीर का प्रयोग कर जीवन में संघर्ष कर कामयाबी हासिल करना ना की में पड़े पड़े मर जाना मैं नरक से बोल रहा हूं है पत्थर पूजने वालों तुम्हें जिंदा आदमी की बात सुनने की का अभ्यास नहीं इसलिए मैं वर्कर बोल रहा हूं जीवित अवस्था में तुम जिसकी और आंख उठाकर नहीं देखते उसकी साड़ी लाश के पीछे जुलूस बनाकर चलते हो




जिंदगी भर तुम जिस नफरत करते रहे उसकी कब्र पर तीसरा चिराग जलाने जाते हो मरते मरते वक्त तक जिसे तुमने चुल्लू भर पानी नहीं दिया उसके हार्ड गंगा जी के जाते हो और तुम्हें अरे तुम जीवन का तिरस्कार और मरण सत्कार करते हो इसलिए मैं नर्क से बोल रहा हूं कहानी व्यंगात्मक और विचारों विचार रोतेज्जत नाटक मानवीय स्वभाव का है जो हरिशंकर परसाई के रंग पूर्ण लेखन को मंच पर जीवित करता है यह नाटक समाज के विभिन्न पहलुओं पर कटाक्ष करता और भाव स्वभाव की कमियों को उजागर करता है मेहनत से बोल रहा हूं।

## 25 मार्च 2025 को काव्य नाटक - गुंडाधूर लेखक - लक्ष्मीनारायण पयोधि निर्देशक - रवींद्र मोरे (रवि) प्रस्तुति -

यामिनी कल्चरल एवं वेलफेयर समिति भोपाल शाम 7: 00 बजे शहीद भवन भोपाल में संपन्न हुआ। यह काव्य नाटक ब्रिटिश व्यवस्था के विरुद्ध सघन जनजातीय क्षेत्र में घटित आदिवासी - महाविद्रोह की ऐतिहासिक घटना पर आधारित हैद्य इस नाटक में तत्कालीन बस्तर राज्य- व्यवस्था में दीवान रायबहादुर पडा बैजनाथ के मार्फत अंग्रेज हुकूमत का हस्तक्षेप, राजा रुद्रप्रताप देव की असहायता जनजातिय लोगों पर हुए अत्याचार विभिन्न प्रकार के शोषण जनविरोधी कानूनों से उपजे रोष और धर्मांतरण के प्रयासों की वीफलता आदि समस्याओं का जीवंत चित्रण किया गया है। इस नाटक की लोकप्रियता ने नायक गुंडाधुर को लोक आस्था का पात्र बनाया इस नाटक का भोपाल में पहली बार मंचन हो रहा है।



# रंग फुलकारी नाट्य उत्सव की अंतिम शाम तीसरे दिन नाटक हवालात



**लेखक - सर्वेश्वरदयाल सक्सेना निर्देशक - रविंद्र मोरे ( रवि ) प्रस्तुति**- यामिनी कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी भोपाल शाम 7:00 बजे मायाराम सूरजन भवन शास्त्री नगर भोपाल में दिनांक- 26 मार्च 2025 को संपन्न हुआ। सर्वेश्वर दयाल सक्सेना द्वारा लिखित नाटक हवालात का निर्देशन रविंद्र मोरे ने किया 4 कलाकारों द्वारा खेले गए नाटक की कहानी 3 बेगुनाह लड़कों की है, जो ठंड से बचने के लिए खुद को गुनहगार साबित करने की कोशिश करते हैं। ठंड से कापते हुए वह एक पेड़ से चिपककर गर्मी पाने का प्रयास करते हैं। तभी एक सिपाही गश्त पर आता है। वह पकड़े जाते हैं। ठंड से राहत पाने के लिए वह खुद को चोर, हत्यारा, व नक्सलवादी बताकर जेल जाने की कोशिश करते हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक** :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)